कलरव पाठ्य पुस्तक कक्षा 3 की कहानी

मुर्गा और लोमड़ी

कॉमिक्स रूपांतरण

मिशन शिक्षण संवाद

संपादन: बृजेश गुप्ता, बस्ती

मुर्गा और लोमड़ी

संकलन: मिशन शिक्षण संवाद

लेखक: सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

इस कॉमिक्स का निर्माण शैक्षणिक गतिविधियों के लिए किया गया है।

संपादन: बृजेश गुप्ता

मिशन प्रेरणा

जंगल में एक लोमड़ी जा रही थी। रास्ते में लोमड़ी ने मुर्गे को पेड़ की डाल पर बैठे देखा। उसने पूछा,

मुर्गा बोला-
"मैं खूँखार जानवरों के डर से यहाँ बैठा हूं,।"
लोमड़ी बोली-
"अरे! क्या आज का सबसे बड़ा समाचार तुमने नहीं सुना? सभी पशु पक्षियों में समझौता हो गया है। अब कोई किसी पर हमला नहीं करेगा।"

मुर्गे ने कहा,-
"यह तो वास्तव में दुनिया का सबसे अच्छा समाचार है।"
कहते-कहते उसने अपनी गरदन उठाकर देखा, जैसे दूर की कोई चीज देख रहा हो।
लोमड़ी ने पूछा।
"क्या देख रहे हो?"

मुर्गा बोला,
"कुछ नहीं, कुछ नहीं, पता नहीं क्यों, कुछ शिकारी कुत्ते तेजी से इस ओर दौड़े चले आ रहे हैं।"
लोमड़ी घबराकर बोली,
"ऐसी बात है? अच्छा, क्षमा करना मित्र, मैं चली।"

बृजेश गुप्ता@मिशन शिक्षण संवाद
शिकायत या सुझाव@9458278429

Mission Shikshan Samvad